नयागांव क्षेत्र में पहुंचे, जहां पूर्व पार्षद सुश्री सीमा टांक द्वारा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के संबंध में विधायक तथा कलेक्टर को बताया गया।

विनोबा नगर मुक्तिधाम पहुंचकर भी निरीक्षण किया गया जहां विधायक निधि से शेड निर्मित किया जा रहा है। सामने के चोराहे पर विधायक द्वारा नागरिको की मांग पर हाई मास्ट लगाने के निर्देश दिए गए। मुक्तिधाम के बगल में खाली पड़ी भूमि पर सब्जी तथा फल वालों को बैठन के लिए स्थान देने पर चर्चा की गई तथा कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सब्जी तथा फल वालों के लिए सैलाना ओवरब्रिज के नीचे एवं एमपीईबी ग्रिड के सामने खाली पड़ी भूमि का भी निरीक्षण करके कार्य शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया। साक्षी पेट्रोल पंप के सामने 20 हजार स्क्वायर फीट भूमि का उपयोग भी फल तथा सब्जी वालों को स्थान देने के लिए किया जाएगा। धोलावाड़ कार्यालय के बाहर सुविधा घर निर्माण हेतु निर्देशित किया गया।

## *विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त व गणमान्य नागरिकों ने अंकूर अभियान के तहत अमृत सागर उद्यान में 200 पौधो का रोपण किया अभियान के तहत विभिन्न उद्यानों में 1495 पौधो का हुआ रोपण*

रतलाम 04 मार्च । प्राण वायु हेतु शासन द्वारा 1 से 5 मार्च तक चलाये जा रहे अंकुर अभियान के तहत विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, सीईओ जिला पंचायत श्रीमतो जमुना भिड़े, एसडीएम श्री राजेश शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिकों ने अमृत सागर उद्यान में पौधो का रोपण किया जाकर रोपे गये पौधा के फोटो को अंकूर एप पर डाउनलोड किया गया।

अंकूर अभियान के अंतिम दिन 5 मार्च शनिवार को अमृत सागर उद्यान में शीशम, केशिया, गुड़हल, नीम, करंज, अमलतास, कनेर आदि प्रजातियो के 200 पौधो का रोपण कर उन्हे सहेजने का संकल्प लिया गया। अंकुर अभियान में नगर निगम ने पहले दिन 425 , दूसरे दिन 490, तीसरे दिन 300, चौथे दिन 80, और पांचवे दिन 200 पौधे इस तरह कुल 1495 पौधो का रोपण नगर के विभिन्न उद्यानों में किया गया।

अंकुर अंतिम दिन तक कुल 1495 पौधों का पौधारोपण किया है निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि शासन द्वारा चलाये जा रहे अंकुर अभियान के तहत 4 मार्च शुक्रवार को बजरंग नगर, तिरूपति नगर, जिला शिक्षा केन्द्र, बोहरा बाखल सहित अन्य उद्यानों में शीशम, केशिया, गुड़हल, नीम, करंज, अमलतास, कनेर आदि प्रजातियो का पौधा रोपण करते हुए 80 पौधो का रोपण किया गया।

इस अवसर पर सर्वश्री बजरंग पुरोहित, अशोक पोरवाल, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, जयवंत कोठारी, दिनेश शर्मा, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, उद्यान पर्यवेक्षक अनिल पारा, सहित राजस्व और नगर निगम के अमले सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

